**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**16.03.2022 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2309 का उत्तर**

**दादर एक्सप्रेस का ठहराव**

**2309. श्री संजय भाटिया:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से अमृतसर के बीच चलने वाली दादर एक्सप्रेस (सं. 11057) का घरौंदा स्टेशन पर ठहराव अचानक समाप्त कर दिया गया है;**

**(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ग) क्या सरकार का हिमालयन क्वीन एक्सप्रेस (दिल्ली-चंडीगढ़, सं. 14095) (चंडीगढ़-दिल्ली, सं. 14096), जिसे कोरोना के चलते रोक दिया गया था, को पुन: संचालित करने का विचार है;**

**(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और**

**(ङ) नई दिल्ली-अम्बाला रेलमार्ग पर करनाल-यमुनानगर खंड पर कार्य की पूर्णता की क्या स्थिति है?**

**उत्तर**

**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) और (ख): गाड़ियों के ठहरावों की व्यवस्था से संबंधित मौजूदा नीतिगत दिशानिर्देशों में निर्धारित मानदंडों के अनुसार घरौंदा रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ी सं. 11057 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-अमृतसर एक्सप्रेस के लिए यात्रियों की औसत संख्या और अर्जन कम है।**

**(ग) और (घ): कोविड-19 महामारी के फैलाव को रोकने के लिए, भारतीय रेल ने रेलगाड़ी सं. 14095/96 कालका-दिल्ली सराय रोहिल्ला हिमालयन क्वीन एक्सप्रेस सहित सभी**

S.K

नियमित रेलगाड़ियों को बंद कर दिया था। बहरहाल, रेलगाड़ी सेवाओं को क्रमिक रूप से बहाल किया जा रहा है।

(ङ): करनाल-यमुना नगर बरास्ता असांध नई रेल लाइन (103 किलोमीटर) के लिए सर्वेक्षण वर्ष 2015-16 में शुरू किया गया है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, परियोजना वित्तीय रूप से गैर-अर्थक्षम पायी गई थी इसलिए इसे आगे नहीं बढाया जा सका। तत्पश्चात इस परियोजना के विकास के लिए हरियाणा सरकार (51%) और रेल मंत्रालय (49%) की संयुक्त उद्यम कंपनी हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवेल्पमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा शुरू किया गया था। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट रेलवे द्वारा पूर्व-निवेशित गतिविधियों के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन की मांग हेतु प्रस्तुत की गई थी। इसे सैद्धांतिक अनुमोदन नहीं दिया गया था क्योंकि परियोजना परिचालनिक दृष्टि से व्यावहारिक नहीं पायी गई थी और इसे वित्तीय रूप से गैर-अर्थक्षम पाया गया था।

******

S.K